आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 06.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा–तेईस जुलाई को पेश होगा आम बजट।
2– लंबित राजस्व मामलों को निपटाने के लिए आज से राज्य के सभी जिलों में शुरू हुआ "राजस्व पखवाड़ा"।
3– संपूर्णता अभियान के तहत प्रदेश के आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।
4– प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर और दक्षिणी क्षेत्र के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना।

संसद–बजट सत्र

संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव की केन्द्र सरकार की सिफारिश का अनुमोदन कर दिया है।

राजस्व पखवाड़ा

लंबित राजस्व मामलों को निपटाने के लिए आज से राज्य के सभी जिलों में "राजस्व पखवाड़ा" शुरू हो गया है। राजधानी रायपुर में पत्रकारों से बात करते हुए राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा का समापन बीस जुलाई को होगा। "राजस्व पखवाड़ा" के दौरान सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार और अन्य राजस्व प्रकरणों से संबंधित लंबित मामलों का निराकरण किया जाएगा। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि राजस्व पखवाड़े के दौरान प्रोग्रामरों की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत राजस्व ग्रामों के पटवारी नक्शा जियोरेफ्रेंसिंग के माध्यम से तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिप्स को इसके लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों का पंजीयन और पेशी के तारीख अपडेट नहीं करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री वर्मा ने बताया राजस्व पखवाड़े के दौरान फौती, नामांतरण और बंटवारा जैसे मामलों को निपटाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे।

राजस्व मंत्री ने कहा कि भुईया और ई–कोर्ट सॉफ्टवेयर में जनसुविधा के लिए वाट्सएप का विकल्प भी जोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को सभी जानकारी वाट्सएप के माध्यम से मिल सकेगी। साथ ही सभी प्रकार के भू–राजस्व प्राप्तियों के लिए पेमेंट गेट–वे की शुरूआत की जा रही है, जिससे बैंक खाते यूपीआई और नेट बैंकिंग के माध्यम से भू–राजस्व जमा किया जा सकता है।

दीक्षांत समारोह

बिलासपुर के पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में विभिन्न सत्रों की परीक्षाओं में छात्रों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस मौके पर राम प्रताप सिंह और सुरभा देशपांडे को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि दी गई।

इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय पंडित सुंदरलाल शर्मा के सपनों को गढ़ने और साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम की सराहना की। उन्होंने लोगों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने की अपील की।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

नीट–परीक्षा स्पष्टीकरण

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नीट यू जी काउंसलिंग स्थगित किये जाने का समाचार गलत है क्योंकि काउंसलिंग की तारीख अभी अधिसूचित नहीं हुई है। नीट यूजी काउंसलिंग स्थगित किये जाने के संबंध में मीडिया की खबरों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण दिया है।

संपूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए देशभर में आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के आकांक्षी विकासखण्ड तोकापाल में कल जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ विधायक विनायक गोयल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के हितग्राहियों को हेल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वसहायता समूह को प्रोत्साहन राशि, किसानों को बीज और सिंचाई उपकरणों का वितरण भी किया गया।

वहीं, बलरामपुर जिले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने शंकरगढ़ विकासखंड में आज संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब हमारे गांव विकसित होंगे तो हमारा ब्लॉक और जिला भी विकसित होगा। इस अभियान के माध्यम से सभी विभागों की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज भी मौजूद थे।

इस बीच, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने माकड़ी में विकासखण्ड स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संपूर्णता प्रचार अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया।

एसीबी–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने रायपुर की महिला थाना प्रभारी और धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं, धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार को भी एसीबी के दल ने रिश्वत की रकम लेते हुए मौके से गिरफ्तार किया है।

इस बीच, महादेव सट्टा ऐप मामले के सभी आरोपियों को चौबीस अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इन आरोपियों को न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद आज ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया था।

वहीं, आबकारी घोटाले मामले के आरोपी अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन की न्यायिक रिमांड ग्यारह जुलाई तक बढ़ा दी गई है। ईडी की विशेष कोर्ट ने आज यह फैसला सुनाया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी–जयंती

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मजबूत राष्ट्रवादी विचारों के भारत को गौरवान्वित किया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें नमन किया है।

उधर, भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

वहीं, विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में सचिव दिनेश शर्मा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

बीजेपी–प्रभारी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने छत्तीसगढ़ सहित चौबीस राज्यों के प्रभारी और सह–प्रभारियों की नई सूची जारी कर दी है, जिसके अनुसार बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को एक बार फिर छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। वे छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी भी थे। इसी प्रकार भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और विधायक लता उसेंडी को ओड़िशा प्रदेश भाजपा का सह–प्रभारी नियुक्त किया गया है।

सिरपुर–हेरिटेज वॉक

महासमुंद जिले के सिरपुर में आज हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे और सिरपुर के युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस दौरान सिरपुर के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयाजित किया गया था। कार्यक्रम में सारडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वाई. राजेन्द्र राव ने हेरिटेज वॉक और शैक्षिक पर्यटन

के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, भारत पर्यटन रायपुर के प्रबंधक मयंक दुबे ने आसपास के पर्यटन स्थल के पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही प्रतिभागियों को पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक सांस्कृतिक स्थिरता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''महासमुंद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की संभावना व्यक्त की है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर और दक्षिणी हिस्से में रहने के आसार है। वहीं, अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने आठ जुलाई तक बस्तर संभाग के जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

– राजनांदगांव की बालिका संप्रेक्षण गृह से कल फरार हुई तीनों बालिकाओं को बरामद कर लिया गया है। इन्हें नागपुर के पास बरामद किया गया है।

– प्रदेश के राजस्व पटवारी संघ ने अपनी बत्तीस सूत्रीय मांगों को लेकर आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के नवाटोला क्षेत्र में जहरीला मशरूम खाने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, एक ही परिवार के आठ लोग बीमार पड़ गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

– सक्ती जिले में धान खरीदी के नाम पर नौ किसानों से बारह लाख रूपए से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।